(ख) जिस सल्तनत को खून से सींच-सींचकर हमने इतना बड़ा किया है, उसे अगर आज आँसुओं से भी सींचना चाहें तो हमें एक पूरी जिन्दगी चाहिए। वह हमारे पास कहाँ है?

**अथवा**

क्रान्ति का आदर्श, परमार। मैं भूल गया था कि देहात की मध्ययुगीन ऊसर भूमि अभी क्रान्ति के लिए तैयार नहीं है। उसके लिए जरूरत है शहर और कारखानों की सजग और चेतनाशील भूमि की...।

☆ ☆ ☆





**3 (Sem–4) HIN MIL**

## 2015

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Hindi Natya Sahitya )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'जोंक' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं?

(ख) ग्रामोद्धार समिति के लिए बीरेन ने कौन-सी जमीन चुनी?

(ग) 'मोनोलॉग' का अर्थ क्या है?

(घ) "तूने इस्लाम का नाम लेकर दुनिया को धोखा दिया है।" किसने,किससे कहा?

(ङ) जगदीश चन्द्र माथुर रचित पाठ्य एकांकी का नाम क्या है?

(च) बनवारीलाल किस एकांकी का पात्र है?

(छ) चन्द्रकला के पिताजी उसका विवाह किसके साथ कराना चाहते थे?

(ज) भगवन्तसिंह किसका खून करवाता है?

(झ) मुरारीलाल ने भगवन्तसिंह से खून के मामले में कुल कितने रुपए लिए थे?

(ञ) मनोरमा जब विधवा हुई थी तब उसकी उम्र कितनी थी?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) रजनीकान्त का खून किसने किया था और क्यों?

(ख) मनोजशंकर को उसके पिता की मृत्यु का राज किसने और कब बताया था?

(ग) मनोरमा से प्रेम का सम्बन्ध बनाने की इच्छा रखनेवाले दो व्यक्ति कौन-कौन थे?

(घ) "काश! इस गाँव में हाइकोर्ट होता।" किसने और क्यों ऐसा अफसोस किया था?

(ङ) बनवारीलाल के अनुसार खाने का ठीक समय कौन-सा है?

(च) 'सड़क' एकांकी की नायिका पति के मित्र का स्वागत किस प्रकार करना चाहती थी?

(छ) "...दोनों के गुनाह अपने सिर पर लिए जा रहे हैं।" कौन और किसके गुनाह अपने सिर पर ले जाने की बात कह रहे हैं?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'औरंगज़ेब की आखिरी रात' एकांकी की पात्र-योजना पर प्रकाश डालिए।

(ख) भोलानाथ की किन्हीं पाँच चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) बीरेन की ग्रामोद्धार समिति बनाने की योजना क्यों पूर्ण नहीं हो पाती?



(घ) 'सड़क' एकांकी के उद्देश्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) चन्द्रकला और मनोरमा के व्यक्तित्व की तुलना कीजिए।

(च) भगवतीशरण वर्मा की साहित्यिक विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

(छ) हिन्दी एकांकी जगत में उदयशंकर भट्ट के अवदान पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

**4.** एकांकी के तत्त्वों के आधार पर 'सड़क' एकांकी की समीक्षा कीजिए। 10

**अथवा**

'जोंक' मूल रूप में एक प्रहसन है या व्यंग्य-प्रधान एकांकी? पात्रों तथा घटनाओं का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए।

**5.** 'सिन्दूर की होली' नाटक में उभरकर आयी नारी समस्याओं के सन्दर्भ में नाटककार के दृष्टिकोण का विश्लेषण कीजिए। 10

**अथवा**

मुरारीलाल का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**6.** निम्नलिखित उद्धरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) आजकल का कानून ही ऐसा है। इसमें सजा उसको नहीं दी जाती जो अपराध करता है... सजा तो केवल उसकी होती है जो अपराध छिपाना नहीं जानता। बस... यही कानून है।

**अथवा**

मैं आज अपने पैरों पर खड़ी हो रही हूँ... ...मुझे किसी दूसरे पुरुष की सहायता की जरूरत नहीं। रोटी और वस्त्र... मेरी शिक्षा इतनी हो चुकी है कि मैं अपना प्रबन्ध कर लूँगी। कोई चिन्ता नहीं है। मेरा वैधव्य अमर रहे।